प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

माह मई में “ऑपरेशन पाताल” के तहत कुल 130 अभियोग पंजीकृत करते हुए कुल 135 अभियुक्तों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही,

11 शस्त्र फैक्ट्री, 200 तमंचा व 146 कारतूस बरामद

दिनांकः-02.06.2022

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा “ऑपरेशन पाताल” चलाकर अपराध को अपनी आय का स्रोत बना लेने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए थे।

पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपदीय पुलिस को “ऑपरेशन पाताल” चलाकर सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

उक्त निर्देशों के क्रम माह मई में जनपदीय पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों से कुल 135 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उल्लेखनीय है गिरफ्तार अभियुक्तों में 53 टॉप-10 अपराधी, 10 इनामिया अपराधी, 91 विभिन्न अभियोगों में वांछित अपराधी, 115 वारण्टी शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 11 अवैध शस्त्र फैक्ट्री, कुल 200 अवैध तमंचे, 05 अवैध बन्दूक तथा 146 कारतूस बरामद हुए है। अभियुक्तों पर पूर्व में विभिन्न अपराधों जैसे लूट/चोरी/नकबजनी/अवैध शस्त्र/हत्या/गैंगेस्टर/गोवध/अवैध शराब आदि धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत हैं।

सर्किलवार विवरण निम्नवत् है-

जनपद	कुल पंजीकृत अभियोगों की सं0	कुल गिरफ्तार अभियुक्तों की सं0	अन्य गिरफ्तारी का विवरण			बरामदगी				
			टॉप-10	ईनामी	वांछित	वारण्टी	शस्त्र फैक्ट्री	तमंचा	बन्दूक	कारतूस
सीतापुर	130	135	53	10	91	115	11	200	5	146